सेंट थॉमस स्कूल, साहिबाबाद
प्रथम सत्र परीक्षा, हिंदी
कक्षा -9 (2024 - 25) 002

समय : 1 घंटा **पूर्णांक : 20**

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो (क्षितिज में पढ़े गए पाठों के आधार पर)

क) प्रस्तुत कहानी में प्रेमचंद ने गधे की किन स्वभावगत विशेषताओं के आधार पर उसके लिए 'मूर्ख' शब्द का प्रयोग न कर किस नए अर्थ की ओर संकेत किया है ? 2

ख) "औरत जात पर सींग चलाना मना है |"- हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए | 2

ग) थोङ्ला के पहले के आखिरी गाँव पहुँचने पर भिखमंगे के वेश में होने के बावजूद लेखक को ठहरने के लिए उचित स्थान मिला, जबकि दूसरी यात्रा के समय भद्र वेश में भी उचित स्थान नहीं मिला | क्यों ? 2

घ) लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उसके यजमानों के पास जाने से रोका,परंतु दूसरी बार रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया ? 2

ङ) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है? 2

प्र०2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो (कृतिका में पढ़े गए पाठ के आधार पर)

क) सबकी ज़ुबान पर एक ही जिज्ञासा – ' पानी कहाँ तक आ गया है ?' इस कथन से जनसमूह की कौन – सी भावनाएँ प्रकट होती हैं ? 2

ख) जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या – क्या प्रबंध किए ? 2

प्र०3 निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए :- 6

क) उसने भोजन नहीं किया |
ख) वाह ! कितना सुंदर स्थान है |
ग) कल कौन आ रहा है ?
घ) जाओ , बाज़ार से सब्ज़ी ले आओ |
ङ) यदि वह जल्दी करता, तो गाड़ी पकड़ लेता |
च) आपकी यात्रा शुभ हो |